## संक्षिप्त खबरें

### स्मैक समेत दो गिरफ्तार

**देहरादून**। राजपुर पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास 50 ग्राम से ज्यादा स्मैक मिली है। आरोपितों की पहचान मोहन उर्फ पीताम्बर निवासी नियामतपुर नगीना बिजनौर तथा प्रणव पंवार पुत्र मुकेश कुमार निवासी किशनपुर राजपुर के रूप में हुई। वहीं थाना वसंत विहार पुलिस ने स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इंदिरा नगर चौकी प्रभारी ने स्मैक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। उसने अपनी पहचान चांद सुलेमान और सुल्ली पुत्र रिजवान निवासी मुस्लिम कालोनी शास्त्रीनगर खाला के रूप में दी।

### लोक अदालत लगी

**देहरादून**। लोक अदालत में कई मामले निपटाए गये। छोटे-मोटे मामले निपटाने के लिए आयोजित लोक अदालत का लाभ कई लोगों ने उठाया। अदालत पर मुकदमा का भार कम करने के लिए इस तरीके को अपनाया जाता है। स्थायी लोक अदालत के माध्यम से वादी को त्वरित न्याय दिया जाता है।

### मोबाइल फोन लौटाया

**देहरादून**। ट्रैफिक पुलिस में तैनात धीरज कुमार ने मोबाइल फोन वापस लौटा दिया। सोमवार देर शाम उसे एक मोबाइल मिला। उन्होंने उसके मालिक को तलाश कर उसके हवाले कर दिया। वह सोमवार शाम को घंटा घर चौक पर हो ड्यूटी में तैनात था। उन्हें रोड पर एक मोबाइल मिला। उन्होंने तुरंत मोबाइल के मालिक की जानकारी निकाल कर उसे सुपुर्द किया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**देहरादून**। थाना रायपुर पुलिस ने चाकू के साथ एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने भागने का प्रयास किया, उसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र टीकम सिंह निवासी राजीव नगर कंडोली के रूप में हुई। आरोपी ड्राइवर का काम करता है। उसने चाकू रखे जाने को लेकर पुलिस के समक्ष कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिसके बाद उसके खिलाफ क्या कदम उठाया गया।

### खुखरी के साथ पकड़ा

**देहरादून**। थाना डालनवाला पुलिस ने खुखरी के साथ दो को गिरफ्तार किया। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सजग पुलिस को यह सफलता मिली। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध को देखकर पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस के इशारे के बावजूद आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पहले से मुस्तैद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के बाद उनके पास ही खुखरी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान राजेश कुमार पुत्र शशि सिंह निवासी शिवपुरी ओइवाला रायपुर तथा सोनू कुमार चौहान पुत्र हीरालाल चौहान निवासी सुमन नगर लखनपुर थाना नेहरू कालोनी के रूप में दी।

### अवैध शराब समेत धरा

**देहरादून**। कैंट थाना पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नशीले पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सफलता मिलीष पुलिस के टीम गश्त में लगी थी कि पाठक चौक इंदिरा नगर चौकी सर्किट हाउस के पास संदिग्ध को पुलिस ने जाते हुए देखा। रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद हुए। आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपनी पहचान तारा शर्मा पुत्र तुलसीराम निवासी इंद्रानगर गलजवाड़ी थाना कोतवाली कैंट के रूप में दी।

### विंटर ओलंपिक गेम का बहिष्कार करने की मांग

**देहरादून**। रीजनल तिब्बतन यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि भारत विंटर ओलंपिक गेम का बहिष्कार करे। इस मांग को लेकर उनकी मोटर साइकिल रैली दून पहुंची। बीती दस दिसंबर को बेंगलुरू से शुरू हुई रैली का समापन दिल्ली में होगा। रैली दून पहुंचने पर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में रीजनल तिब्बतन यूथ कांग्रेस दिल्ली के महासचिव तेनजीन लेर्का ने कहा कि भारत को फरवरी में होने वाले विंटर ओलंपिक गेम का बहिष्कार करना चाहिए। कहा कि नियमों के विरुद्ध यह गेम हो रहे हैं। चीन इस गेमों का आयोजन कराने के लिए योग्य नहीं है। उन्होंने पंचेन लामा को रिहा करने के साथ तिब्बत के अन्य कैदियों की रिहाई की मांग भी की। कहा कि भारत व अन्य देशों को इसके लिए चीन पर दबाव बनाना चाहिए। कहा कि तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को बिना शर्त तिब्बत में प्रवेश की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिब्बत पर कब्जा करने के बाद चीनी कम्युनिष्ट पार्टी ने तिब्बत की संस्कृति व परंपराओं को नष्ट करने की पूरी कोशिश की है।

## चुनावी रैलियों की खुमारी लोगों पर पड़ने लगी भारी

- देहरादून में कोरोना विस्फोटक स्थिति में, सामने आ रहा साइड इफेक्ट
- मंगलवार को 192 लोग मिले संक्रमित, एक मरीज की मौत भी हुई
- आने वाले दिनों में बढ़ सकती मुश्किलें, प्रशासन लगा सकता पाबंदियां

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून**।

राजधानी देहरादून में कोरोना का कहर फिर बढ़ने लगा है। कहा जा सकता है कि लोगों द्वारा पिछले दिनों बरती गई लापरवाही, चुनावी रैलियां व थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर सेलीब्रेशन के जश्न की खुमारी अब भारी पड़ने लगी है। इन सबका साइड इफेक्ट यह कि इसी सप्ताह कोरोना संक्रमण के मामले छह-सात गुणा से अधिक तेज रफ्तार से बढ़ने लगे हैं।

मंगलवार को भी देहरादून जिले में कोरोना की स्थिति विस्फोटक रही। आम व खास सभी संक्रमण की चपेट में आए हैं। आज यहां पर 192 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं, जो कि पिछले साल जून मध्य के बाद का सर्वाधिक आंकड़ा है। चिंता की बात यह कि कोरोना से एक मरीज की मौत भी हुई है। मरीज का इलाज आरोग्यधाम अस्पताल में चल रहा था। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले आने वाले दिनों में मुश्किलें और बढ़ा सकते हैं।

यद्यपि प्रशासन लोगों से अपील कर रहा है कि वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी सतर्कता बरतें और कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। इतना जरूर कि फिलहाल सख्ती नहीं बरती जा रही है। पर लोग हैं कि मानने को तैयार नहीं। ना ही मास्क पहन रहे हैं और ना ही सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया जा रहा है। राजनीतिक दलों की चुनावी रैलियों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है जिससे कोरोना का प्रसार और बढ़ने की आशंका है। ऐसे में शासन-प्रशासन के पास दिल्ली की तरह नाइट कर्फ्यू के बाद वीकेंड यानी शनिवार व रविवार को पूरी तरह कर्फ्यू लगाने का विकल्प ही बचता है।

### केजरीवाल के संपर्क में आने वालों के सैंपल लिए

देहरादून। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को बीजापुर गेस्ट हाउस में तैनात 23 कर्मचारियों के सैंपल लिए गए हैं। इन सैंपलोंकी आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। सभी कर्मचारियों को होम क्वारंटीन रहने के लिए कहा गया है। विभागीय टीम ने यह कदम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कोरोना संक्रमित मिलने पर लिया है। बता दें कि आप प्रमुख व दिल्ली के सीएम केजरीवाल गत दिवस देहरादून पहुंचे हुए थे। परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित करने से पहले वह जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सीधे बीजापुर गेस्ट हाउस गए और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान बीजापुर गेस्ट हाउस में तैनात कार्मिक भी उनके संपर्क में आए हैं। इधर, केजरीवाल के कोरोना संक्रमित मिलने पर दून की रैली में शामिल हुए लोगों में भी दहशत है। खासकर वह लोग डरे हुए हैं जो कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ कई देर तक बैठक व रैली में साथ रहे। उन्होंने रैली के दौरान मंच पर भी मास्क नहीं पहना हुआ था।

### प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव भी कोरोना संक्रमित

देहरादून। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डा. पंकज कुमार पांडेय भी कोरोना संक्रमित हुए हैं। बताया जा रहा है कि तबियत खराब होने पर उन्होंने अपनी कोरोना जांच कराई। मंगलवार को आई जांच रिपोर्ट में उनमें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसके बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। साथ ही डाक्टरों ने उनका उपचार भी शुरू कर दिया है।



## सफाई कर्मियों ने किया सचिवालय कूच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून**।

11 सूत्री मांगों को लेकर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े सफाई कर्मचारियों ने सचिवालय कूच किया। सफाई कर्मचारी नगर निगम में एकत्र हुए और सचिवालय कूच किया।

पुलिस ने सचिवालय के मुख्य प्रवेश द्वार से पहले बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों व सफाई कर्मियों के बीच नोंकझोंक हुई। सफाई कर्मचारियों ने बैरिकेडिंग के पास धरना दिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें कहा गया है कि मांगों का समाधान न होने पर सफाई कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह का कहना था कि सफाई कर्मचारी पिछले लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान करने के लिए आवाज उठा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी सरकार व शहरी विकास विभाग उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। सफाई कर्मियों के मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में सेवायोजित नहीं किया जा रहा है। आवास, बीमा, चिकित्सा व अन्य भत्तों का लाभ भी नहीं मिल रहा है। सफाई कर्मियों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती नहीं की जा रही है। कहा कि बीती जुलाई को राज्यव्यापी आंदोलन किया गया था।

इसके बाद 27 जुलाई को हुए समझौते में आश्वासन दिया गया था कि अगस्त 2021 तक लंबित मांगों का समाधान करने के लिए शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। लेकिन आश्वासन पर अमल नहीं किया गया है। इससे सफाई कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। सचिवालय कूच करने वालों में संघ के महासचिव राजपाल पवार, बांके लाल, जितेन्द्र, दिनेश, ओम प्रकाश, मनोज, मोहन, संजीव आदि शामिल रहे।

## ग्राफिक एरा ने शहीद के बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाई

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून**।

ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी शहीद हरेन्द्र सिंह रावत के बच्चों की पूरी पढ़ाई का खर्च वहन करेगा। ग्राफिक एरा की टीम ने शहीद के घर जाकर इस संबंध में पत्र सौंपा। राष्ट्रीय रायफल के हवलदार हरेन्द्र सिंह रावत ने पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर में उग्रवादियों के साथ लोहा लेते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

शहीद हरेन्द्र सिंह रावत के दोनों बच्चे ग्राफिक एरा ग्लोबल स्कूल में कक्षा पांच और तीन में पढ़ते हैं। रजिस्ट्रार मेजर जनरल (सेनि) ओपी सोनी ने ग्राफिक एरा की टीम के साथ सोसायटी एरिया में स्थित शहीद के घर पहुंच कर उनकी पत्नी लता रावत को पढ़ाई का खर्च उठाने संबंधी पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि ग्राफिक एरा शहीद के परिवार के साथ खड़ा है। शहीद की पत्नी लता रावत ने ग्राफिक एरा की पहल को बड़ा सहारा बताया। ग्राफिक एरा एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डा. कमल घनशाला ने शहीद हरेन्द्र सिंह रावत को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश जांबाज का कृतज्ञ है। सम्मान स्वरूप में शहीद के पुत्र व पुत्री की स्नातक स्तर तक की शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था ग्राफिक एरा द्वारा जाएगी। शहीद के दोनों बच्चों की स्कूली शिक्षा निशुल्क होगी। इसके बाद दोनों ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी व ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के किसी भी कैम्पस में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कम्प्यूटर एप्लीकेशन समेत कोर्स निशुल्क कर सकेंगे।



शहीद के पत्नी को पत्र सौंपते विवि के रजिस्ट्रार।

## पुलिस भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून**।

पुलिस भर्ती में आयु सीमा कम करने की मांग करने वाले संगठन के सदस्यों ने नंगे पाव मुख्यमंत्री आवास कूच किया। कूच कने वाले संगठन के सदस्यों ने सरकार पर मंगों की अनदेखी का आरोप लगया। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचने से पहले ही पुलिस ने रोक लिया।

बाद में संगठन के पदाधकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पुलिस भर्ती नहीं होने से युवाओं के साथ नाइंसाफी हुई है। इसलिए उम्र सीमा में परिवर्तन किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में चल रही उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल के 1521 पदों में आयु सीमा 18 से 28 किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री आवास कूच किया गया। मंगलवार को उत्तराखंड पुलिस भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच के लिये प्रदेश भर से बेरोजगार आये थे। जिसमें सभी ने आंदोलन तेज करने की बात कही है। करीब 7 वर्षो से उत्तराखंड में पुलिस भर्ती नहीं आई, लेकिन जब आई तो कई अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर चुके हैं। जिसमें की युवाओं को पुलिस भर्ती में सम्मिलित होने का मौका नहीं मिल पाया। लोगों का कहना है की पुलिस भर्ती में आयु सीमा 18 से 28 वर्ष होना चाहिए ताकि युवाओं को इस भर्ती प्रक्रिया में मौका मिल सके। इस दौरान धनबीर कैंतुरा, राम कांडपाल, महावीर चौहान, कमल रावत, आलोक रांगड़, प्रवीण महिंद्र, नवीन, सूरज रावत इत्यादि शामिल रहे।



मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते बेरोजगार।

## मिस टीन प्रतियोगिता में बिखरा सौंदर्य का जादू



देहरादून। मिस टीन उत्तराखंड सौंदर्य प्रतियोगिता का फर्स्ट लुक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में आई प्रतिभागियों ने सौंदर्य का जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में 13 से 19 आयु वर्ग की युवतियां भाग ले रही हैं। मंगलवार को एक होटल में प्रतियोगिता के फर्स्ट लुक को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह रहा। उत्तराखंड की प्रतिभागियों ने अपने सौंदर्य जलवा दिखाया। प्रतियोगिता में मिस टीन इंडिया एशिया पेसिफिक निहारिका सिंह ने प्रतिभागियों के टैलेंट को परखा। डायरेक्टर ख्याति सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को होने वाले फिनाले राउंड में मिस टीन उत्तराखंड 2022 चुनी जाएंगी।

## नगर निगम कर्मियों को आवास भत्ता दिए जाने का मसौदा मंजूर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून**।

नगर निगम देहरादून के कर्मचारियों को आवास भत्ता देने के प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। निगम के करीब एक हजार कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को आवास भत्ते का लाभ देने के लिए नगर निगम के वित्त अनुभाग ने भी प्रक्रिया शुरी कर दी है।

नगर निगम के कर्मचारी पिछले लंबे समय से आवास भत्ता जारी करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे। कुछ माह पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नगर निगम का औचक निरीक्षण करने के दौरान भी कर्मचारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर यह मांग उठाई थी। उस दौरान कर्मचारियों ने सीएम के आश्वासन पर अपना प्रस्तावित आंदोलन भी स्थगित कर दिया था। इसके बाद फिर से प्रस्ताव भेजा गया पर यह मामला वित्त विभाग में अटक गया। हाल ही में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले को लेकर सचिव शहरी विकास से मुलाकात की थी, जिसके बाद शासनादेश जारी हुआ है।

### मेयर ने किया दो करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

देहरादून। मेयर सुनील उनियाल गामा ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-37 (वसंत विहार) में दो करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद अंकित अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। सफाई कर्मचारियों को उपहार भेंट किए गए। मेयर ने कहा कि नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्डों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। से शहर को नंबर वन श्रेणी का शहर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। स्थानीय पार्षद अंकित अग्रवाल ने कहा कि वह अपने वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले तीन साल में वार्ड में सड़कों व नालियों का निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था समेत कई विकास कार्य हुए हैं। इस दौरान वीएस रावत, सुशील नौटियाल, लक्ष्मीचंद, आरएस रावत, अनिल डबराल आदि भी मौजूद रहे।

## जल संस्थान और पेयजल निगम में अनशन खत्म

- सरकार की तरफ से मिला लिखित आश्वासन, कार्मिकों को वेतन भत्ते एवं पेंशन का भुगतान कोषागार के माध्यम से दिए जाने के प्रस्ताव को लाया जायेगा कैबिनेट की बैठक में

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**ऋषिकेश**।

सरकार की तरफ से कर्मचारियों की मांग को कैबिनेट में लाने का लिखित आश्वासन मिलने के बाद जल संस्थान एवं पेयजल निगम के कार्मिकों ने आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। आंदोलन की सफलता पर कर्मचारी नेताओं ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड जल संस्थान एवं पेयजल निगम के कर्मचारी गत 28 दिसंबर से अपनी मांगों के समर्थन में पेयजल निगम के मुख्यालय मोहनी रोड़ पर आमरण अनशन पर बैठे थे। उनके समर्थन में प्रदेशभर से आए कर्मचारी धरने पर बैठे थे। जल संस्थान और पेयजल निगम के संयुक्त मोर्चे को लगभग सभी कर्मचारी संगठनों ने अपना समर्थन दे दिया था और मोर्चे ने आरपार की लड़ाई की घोषणा करते हुए मांग पूरी होने तक आंदोलन को जारी रखने का आह्वान किया था। मोर्चा कर्मचारियों के वेतन भत्ते एवं पेंशन का भुगतान कोषागार के माध्यम से देने की मांग कर रहे थे। गत तीन जनवरी से कर्मचारियों ने प्रदेश भर में असहयोग आंदोलन आरंभ करने का आह्वान किया था लेकिन दो जनवरी को मुख्यमंत्री की तरफ से मोर्चे के नेताओं को वार्ता का न्यौता गया जिस कारण संघ ने अपना अहसयोग आंदोलन स्थगित कर वार्ता में भाग लेने निर्णय किया। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि उनकी गत तीन जनवरी को मुख्य सचिव के साथ ही विभागीय सचिवों के साथ बैठक हुई। बैठक में मांगों पर चर्चा हुई और मुख्य सचिव ने कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेशन भुगतान कोषागार से देने संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट में लाने का लिखित आश्वासन दिया । कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों के बीच में सरकार के प्रस्ताव को रखा और सभी ने आंदोलन को समाप्त करने का निर्णय किया। सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चे के मुख्य संयोजक रमेश बिंजोला ने कहा कि कार्मिकों को कोषागार के माध्यम से वेतन भत्ते एवं पेंशन का भुगतान होने से कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। मोर्चा के संयोजक रमेश बिंजोला ने इस आंदोलन को क्रियान्वयन करने के लिए मुख्यमंत्री , पेयजल मंत्री विधायक उमेश शर्मा काऊ, मुख्य सचिव अपर मुख्य वित्त सचिव अमित नेगी, सचिव पेयजल सचिव, अपर पेयजल सचिव का आभार व्यक्त किया गया। पेयजल निगम के मुख्य अभियंता , मुख्य महाप्रबंधक , महाप्रबंधक भूजल आमरण अनशन पर बैठे इंजीनियर जितेंद्र देव, संतोष पांडे, विजय खाली , अजय बेलवाल, अरविंद सजवान का भी आभार व्यक्त किया । सभा को मीडिया प्रभारी संदीप मल्होत्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष लाल सिंह रौतेला, धन सिंह चौहान आदि मौजूद थे।



आंदोलन समाप्त करने की घोषणा करते जल संस्थान व पेयजल निगम के कर्मचारी नेता।

108 सेवा की तर्ज पर पशुओं के लिए एंबुलेंस (पेज-04)
गन्ना भुगतान को लेकर मिल पर तालाबंदी (पेज-04)
चकराता की ऊंची पहाड़ियों पर गिरी बर्फ (पेज-09)

**मैसर्स अलूपन कम्पोजिट पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट देनदार) की आस्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना**

**(CIN-U27203DL2003PTC123774)**
(कम्पनी परिसमापन में)
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के तहत बिक्री)

निम्नलिखित कॉर्पोरेट देनदार की आस्तियों को "जो है जहाँ है", "जैसी है जो कुछ भी है" एवं "दायित्व रहित आधार पर" बेचा जा रहा है।

| लॉट नं. | आस्तियों का विवरण | पंजीकरण वर्ष | आरक्षित मूल्य (रु. में) | जमा धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मोटर कार (स्विफ्ट डिज़ायर) | नवम्बर-15 | 323,606 | 32,361 |
| 2 | मोटर साईकल (हीरो पैशन) | दिसम्बर-14 | 21,380 | 2,138 |

नोट: 1. जीएसटी लागू अतिरिक्त
2. उपरोक्त बिक्री प्रक्रिया दस्तावेज में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अधीन है, जिसे वेबसाइट "ncltauction.auctiontiger.net and www.arck.in". पर अपलोड किया गया है। कृपया विवरण हेतु इसे देखें।
3. बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 21 जनवरी, 2022 को अर्पाह 5 बजे तक,
4. ई–नीलामी की तिथि: 24 जनवरी, 2022, ई–नीलामी का समय: पूर्वा. 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे
5. विवरण हेतु वेबसाइट www.arck.in; https://ncltauction.auctiontiger.net. देखे
पत्राचार ई–मेल: insolvency@arck.in

अशोक कुमार दीवान
परिसमापक – मैसर्स अलूपन कम्पोजिट पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड
IBBI/IPA-001/IP-P00603/2017-18/11054
पंजी, पता : फ्लैट नं. ए–10, इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट, 7, एस जे एस संसनवाल मार्ग, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110016
कॉर्यालय पता : 409, चतुर्थ तल, अंसल भवन, 16, के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, मो. 9810191945

तिथि: 05.01.2022
स्थान: नई दिल्ली

Scanned with CamScanner

